भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: *334

दिनांक 11 अगस्त, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स, दरभंगा

***334. श्री संतोष कुमार:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) एम्स, दरभंगा की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या बिहार सरकार द्वारा शोयन बाईपास पर आबंटित 150 एकड़ भूमि को भारत सरकार के लिए लाभ उठाने लायक माना जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या औरंगाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस-वे पर उक्त भूखंड दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना के लिए अत्यधिक उपयोगी हो सकता है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ड): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 11 अगस्त, 2023 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *334 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

****

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दिनांक 15.9.2020 को दरभंगा में नए एम्स की स्थापना के लिए अनुमोदन दिया। राज्य मंत्रिमंडल, बिहार सरकार ने दिनांक 03.11.2021 को दरभंगा में एम्स की स्थापना के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (डीएमसीएच) की 200.02 एकड़ भूमि, नि:शुल्क भारत सरकार को हस्तांरित करने का अनुमोदन दिया। तत्पश्चात् दिनांक 3.4.2023 के पत्र द्वारा, राज्य सरकार ने एम्स, दरभंगा की स्थापना के लिए उपर्युक्त भूमि के बदले एक्मी शोभन बायपास, अंचल-बहादुरपुर, मौजा-बलिया, थाना सं. 120/2 पर स्थित लगभग 151 एकड़ भूमि प्रदान करने के अपने निर्णय की सूचना दी।

राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित स्थल का मंत्रालय द्वारा गठित केन्द्रीय दल द्वारा दिनांक 27.04.2023 को निरीक्षण और मूल्यांकन किया गया तथा उपर्युक्त भूमि निम्नलिखित कारणों से नए एम्स की स्थापना के लिए उपयुक्त नहीं पायी गई थी: (क) प्रस्तावित भूमि एक निचला क्षेत्र है (ख) निर्माण हेतु अच्छी गुणवत्ता वाली मृदा से पूरे क्षेत्र (151 एकड़) को भरने और कॉम्पैक्ट करने की चुनौती। (ग) मौजूदा मृदा के फैलाव और सिकुड़ने संबंधी विशेषताएं जो निर्मित ढांचे में अस्थिरता का कारण बन सकती है। (घ) मृदा की खराब इंजीनियरिंग वाली प्रकृति (ड.) भूमि को भरने के बाद निर्मित ढांचे से आस-पास के निचले क्षेत्रों में जल भराव की संभावना। ये सभी बातें दिनांक 26.05.2023 को राज्य सरकार को सूचित की गई।

अभी दरभंगा, बिहार में एम्स की स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा भारग्रस्तता मुक्त भूमि प्रदान नहीं की गई है।

*****